राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र – पुडुचेरी

<u>हिन्दी कार्यशाला का आयोजन,</u>

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, पुडुचेरी की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा दिनांक २० मार्च २०२३ को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया | इस हिंदी कार्यशाला का आयोजन श्री एस. राजसेकरन, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी की उपस्तिथि में किया गया | उन्होंने डा. एस. के वर्मा, पैथोलॉजी विभाग प्रोफ़ेसर और हिंदी अधिकारी, जिपमेर को मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया | हर बार की तरह इस बार भी हिंदी कार्यशाला के अवसर पर राजभाषा हिंदी के उपयोग, कार्यालय में हिंदी के महत्व एवं सही प्रयोग में मार्गदर्शन के लिए हमारे बीच गणमान्य अतिथि उपस्थित थे |हिंदी कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, पुडुचेरी और जिला कायार्लयों के अधिकारीयों ने भाग लिया |

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई | उनका हार्दिक अभिनन्दन किया गया | तद्पश्चात मुख्य अतिथि से आग्रह किया गया कि वे कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग एवं कार्यालय के आलावा भी हिंदी के प्रयोग पर उपस्थित अधिकारीयों का मार्गदर्शन करें | मुख्य अतिथि ने भाषाओं एवं उनके महत्व से अपने वक्तव्य की शुरुआत की | उन्होंने हर एक भाषा के उपयोग एवं क्षेत्रीय प्रदेशों में उसके उपयोग एवं महत्व के बारे में ध्यान दिलाया | साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे हिंदी भाषा एक राष्ट्रीय भाषा के रूप में उभरी है और कैसे हिंदी भाषा के उपयोग ने इस देश के लोगो को आपस में जोड़ने का काम किया है | इस दौरान उपस्तिथ अधिकारीयों ने अपने अनुभव साझा किया एवं राजभाषा हिंदी के कार्यालय में उपयोग के सन्दर्भ में वाद विवाद में अपने अपने विचार प्रस्तुत किये |

अंत में हिंदी कार्यशाला का समापन मुख्य अतिथि के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ | राष्ट्रीय सूचन विज्ञान केंद्र, पुडुचेरी के सभी अधिकारियों ने राजभाषा हिंदी के संदर्भ में अत्यंत बहुमूल्य ज्ञान बाटने के लिए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया | जिला कायार्लयों के अधिकारी गणों ने हमेशा की तरह वीडियो कांफ्रस के माध्यम से भाग लिया।

फोटो गैलरी

PUDUCHERRY

NIC
KARAIKAL
NIC Studio 1

PUDUCHERRY

NIC
KARAIKAL


NIC
KARAIKAL
NIC Studio 1

PUDUCHERRY